अग्रसेन

# विधान

## समाचार पत्रिका

जून 2024 – नवम्बर 2024







श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित

## श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज

बुलानाला/परमानन्दपुर, वाराणसी

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner



महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 20 नवम्बर, 2024 को होना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 70 स्वर्ण पदक समेत कुल 173 छात्राओं को पदक से सम्मानित किया जायेगा इसी उपलक्ष्य में परमानन्दपुर परिसर में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल, डॉ. रूबी साह, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रबन्ध समिति के समस्त सम्मानित सदस्य सहित सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे।



# अग्रसेन विधान

समाचार पत्रिका

जून 2024–नवम्बर 2024

प्राचार्य

प्रो. मिथिलेश सिंह

संपादक

डॉ॰ सुमन सिंह

सह–संपादक

श्रीमती शोभा प्रजापति

डॉ॰ प्रिया भारतीय

श्रीमती मेनका सिंह

श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी द्वारा संचालित

**श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज**

बुलानाला/परमानन्दपुर, वाराणसी

महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से सम्बद्ध स्वायत्तशासी महाविद्यालय

Scanned with OKEN Scanner



## प्रबंधक की कलम से...

असीम हर्ष का विषय है कि श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय छात्राओं के सर्वांगीण विकास और विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के लिए **अग्रसेन विहान** समाचार पत्रिका के 'संयुक्तांक' का प्रकाशन उत्तरोत्तर कर रहा है।

महाविद्यालय छात्राओं के ज्ञानार्जन के साथ ही नैसर्गिक प्रतिभा की प्रगति हेतु दृढ़ संकल्पित है। इस सार्थक एवं अभिनव पहल हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मिथिलेश सिंह, समस्त शिक्षकगण एवं सम्पादक मण्डल के प्रति मैं शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ। मैं महाविद्यालय पत्रिका प्रकाशन के इस पुनीत कार्य की सराहना करती हूँ। आशा करती हूँ कि यह पत्रिका महाविद्यालय एवं छात्राओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।


नई सोच, नई उम्मीद, नए उत्साह के साथ यह पत्रिका उत्तरोत्तर अग्रसर होती रहे,

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ.....

**डॉ. मधु अग्रवाल**
(प्रबंधक)







## प्राचार्य की कलम से...

श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय का भौगोलिक, ऐतिहासिक, शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक वातावरण स्वयं में अनूठा है। महाविद्यालय के विविध अनुशासनों, गतिविधियों, सांस्कृतिक, एवं अन्वेषण सम्बन्धी उपलब्धियों के साथ-साथ सर्जनात्मक संकल्पनाओं का दर्पण भी है एवं विशिष्ट ज्ञान केन्द्र के रूप में विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु समर्पित संस्था प्रदेश के सुपरिचित संस्थानों में अग्रणी अपने लक्ष्य की ओर लगातार उन्मुख है। मैं महाविद्यालय के सभी सहयोगियों को हृदय से आभार एवं शुभकामनाएं देती हूँ तथा अपेक्षा करती हूँ कि शिक्षा पटल पर आपके योगदान के माध्यम से छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो जिससे समाज का कोना-कोना आलोकित होता रहे।

किसी भी महाविद्यालय की पत्रिका का प्रकाशन उस संस्था की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल आदि गतिविधियों के साथ-साथ विशिष्ट उपलब्धियों का भी प्रतिबिम्ब होता है। इसी मूल उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा विगत वर्षों से **अग्रसेन विहान** समाचार पत्रिका के **संयुक्तांक** का प्रकाशन किया जा रहा है। जो महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का भी संकलन है। यह पत्रिका शैक्षिक उपलब्धियों एवं विशिष्ट गतिविधियों के प्रति जागरूकता का परिचायक है। मैं महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देती हूँ कि महाविद्यालय सदा नई ऊँचाइयों को छूता रहे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि महाविद्यालय की प्रगति एवं उत्कर्ष हेतु आपका सकारात्मक सहयोग एवं योगदान प्राप्त होता रहेगा। महाविद्यालय प्रशासन तथा समस्त प्राध्यापकगण एवं अध्ययनरत छात्राओं को हृदय से साधुवाद!

छात्राओं को नवीन सत्र की शुभकामनाओं के साथ.....

**प्रो. मिथिलेश सिंह**
(प्राचार्य)



Scanned with OKEN Scanner

## संपादक की कलम से...



आस्था, अध्यात्म,
जीवन-यथार्थ गंगा की अविरल धारा को नमन......

सृष्टि के अप्रतिम एवम् अद्भुत सौंदर्य को सहजता प्रदान करने का एकमात्र माध्यम है वाणी या कहिए अभिव्यक्ति सर्वविदित है कि अभिव्यक्ति में ही वह शक्ति निहित है जो अतीत की स्मृतियों से आच्छादित होकर वर्तमान की चुनौतियों को पार कर भविष्य के स्वपन को साकार कर सके। हमारे महाविद्यालय की समाचार पत्रिका अग्रसेन विहान भी महाविद्यालय परिवार के विविध भावनाओं एवम् शैक्षणिक गतिविधियों की अभिव्यक्ति है। पूर्ण विश्वास है कि इसके प्रकाशन से महाविद्यालय स्वयं को व्यापक मार्गदृष्टा के रूप में प्रशस्त कर सकेगा। अतीत ही वर्तमान का आधारशिला होता है। अतः वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी अतीत के गौरव को शिक्षा जगत में पुनः स्थापित करने हेतु उद्धत है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देकर छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्मुख है।

इस पत्रिका के माध्यम से भी अध्ययन के साथ क्रीड़ा, राष्ट्र एवम् समाजसेवी, सांस्कृतिक- कलात्मक प्रदर्शन तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों में छात्राओं की सहभागिता को संकलित कर संरक्षित करने का दायित्व संपादक मंडल द्वारा निभाया गया है।

हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ अपनी प्राचार्य परम आदरणीय प्रो. मिथिलेश सिंह जी का जिन्होंने सदा मुझे इस कार्य को संपादित करने हेतु समय-समय पर मार्गदर्शित एवम् प्रोत्साहित किया तथा प्रबंधक डॉ. मधु अग्रवाल के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ जिनका आशीष मुझे प्राप्त हुआ। आभारी हूँ डॉ. प्रिया भारतीय एवं श्रीमती मेनका सिंह का जिन्होंने इस कार्य में मुझे अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह पत्रिका महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वृंद के सामूहिक उद्यम का प्रतिफल है। इस सराहनीय सहयोग के लिए सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। विषेश रूप से आभार व्यक्त करती हूँ अनुज आशीष अग्रवाल (व्यवस्थापक, रेलवे टाइम टेबल ऑफिस) और उनके सहयोगी अनुज कन्हैया यादव का जिनका पूर्ण सहयोग रहा इस पत्रिका को प्रकाशित करने में।

**हमारी छात्राएं सदा नई सोच, नव ज्ञान, नव निर्माण की ओर अग्रसर रहें इसी भाव के साथ...!**

**डॉ. सुमन सिंह**
(असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी)



## प्रार्थना

नये सत्र का प्रारम्भ दोनों परिसर में प्रार्थना के साथ हुआ। प्रतिदिन प्रार्थना हेतु समय निर्धारित है –

परमानन्दपुर पुरिसर प्रातः 9 बजे
बुलानाला परिसर प्रातः 8 बजे।

## विश्व योग दिवस





कहते हैं कि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का वास होता है। योग से जुड़कर मनुष्य स्वयं को तनाव से दूर रखने में सक्षम होता है तथा शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा से युक्त होता है। अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के परमानन्दपुर परिसर में योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकों ने योग कर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने का संकल्प लिया।

## नशा मुक्ति दिवस

महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में 20 जुन, 2024 को नशा मुक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत "Say Yes to Life No To Drugs" के संकल्प के साथ सजीव प्रसारण को प्राचार्य की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा एवं बारीकियों को समझा गया।

कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में नशा मुक्ति के आदर्श के शपथ के साथ छात्राओं को विशेप सत्र के माध्यम से "नशे "के दुष्प्रभाव को बताया गया तथा जीवन के लिए घातक नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति की शपथ दिलायी गई।

कार्यक्रम में काफी संख्या नें छात्राओं ने शपथ ली एवं नशे के दुष्प्रभाव के विषय में जाना। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह, प्रो॰ दुष्यंत सिंह, डॉ॰ आकृति मिश्रा, डॉ॰ नंदिनी सिंह, डॉ॰ श्रृंखला सिंह, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर, डॉ॰ शालिनी श्रीवास्तव, डॉ॰ प्रिया भारती, डॉ॰ सीमा अस्थाना, डॉ॰ एकता रंजन, डॉ॰ मंजरी, डॉ॰ आस्था सिंह, डॉ॰ तमन्ना नाज श्रीमती बेबी गुप्ता समेत अनेक छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ॰ मीनाक्षी मधुर द्वारा किया गया।



Scanned with OKEN Scanner



# मुंशी प्रेमचन्द जयन्ती



हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में 30 जुलाई 2024 की पूर्व संध्या पर परमानंदपुर परिसर के सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अर्चना सिंह डॉ॰ सुमन सिंह एवं डॉ॰ शुभा वर्मा ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं छात्राओं द्वारा प्रेमचंद की कहानी 'बुढ़ी काकी' का अवलोकन स्मार्ट बोर्ड पर किया गया। संयोजन एवं संपादन डॉ॰ प्रिया भारतीय ने किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती मेनका सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव जी ने किया। डॉ॰ चंदा रानी, डॉ॰ स्वाति सिंह और मनोविज्ञान विभाग की डॉ॰ आस्था सिंह के साथ ही महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम



महाविद्यालय के परमानंदपुर परिसर में 1 अगस्त को शासन के आदेशानुसार "वृक्षारोपण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ धनंजय सहाय, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर, डॉ॰ विभा सिंह, श्रीमती सरोज भास्कर, श्री सुजीत सिंह, श्री छविनाथ, श्री सुनील पटेल, डॉ॰ मीनाक्षी मधुर, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ धनंजय सहाय, श्री हौसला जी एवं कर्मचारीगण एवं छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम संयोजन वृक्षारोपण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो॰ आकाश के समन्वयन में किया गया।

# विश्व आदिवासी दिवस

'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा आभसी मंच पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक व महाविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो॰ आभा सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विषय स्थापना समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो॰ कुमुद सिंह , संचालन शोभा प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ विनीता पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में छात्रायें एवं सम्मानित शिक्षकगण उपस्थित रहें।





# स्वतंत्रता दिवस

78 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के दोनों परिसर बुलानाला एवं परमानन्दपुर में बड़े हर्ष एवं उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रबन्धक एवं प्राचार्य द्वारा बुलानाला प्रांगण के अपराजिता सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे से एवं परमानंदपुर परिसर में प्रातः 08.15 पर ध्वजारोहण किया गया है एवं मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बुलानाला परिसर में किया गया।

# "काकोरी ट्रेन एक्शन जन्मशती महोत्सव"

महाविद्यालय में 10 अगस्त 2024 को "काकोरी ट्रेन एक्शन जन्मशती महोत्सव" के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। राजनीति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ॰ मीनाक्षी मधुर ने कार्यक्रम के महत्व को बताया एवं इस आंदोलन को सबसे सशक्त आंदोलन की संज्ञा दी राजनीति विज्ञान की डॉ॰ सोनम चौधरी ने अंग्रेजो के दमनकारी कानूनों के विषय में बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के क्रूरता का उदाहरण जलियाँवाला बाग हत्याकांड एवं उसके बाद जन्मे आंदोलन को कुचलने की अन्य घटनाए है डॉ॰ धनंजय सहाय ने काकोरी ट्रेन एक्शन को सामाजिक आंदोलन के रूप में बताते हुए इसके योगदान को बताया तथा अमर शहीद रामप्रसाद बिसमिल, चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त समेत अन्य क्रांतिकारियों के स्वतंत्रता के मार्ग पर प्राणी को उत्सर्ग करने की घटनाओं को बताया।



कार्यक्रम का समन्वयन प्रो॰ आकाश, संयोजन डॉ॰ मीनाक्षी मधुर एवं संचालन डॉ॰ धनंजय सहाय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ॰ सोनम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में छात्राएँ, शिक्षकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयन्ती

महाविद्यालय के बुलानाला परिसर में श्री अग्रसेन जयंती समारोह के क्रम में "आज के परिपेक्ष्य में महाराज अग्रसेन जी के सिद्धांतो का महत्व" विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन 5 अक्टूबर, 2024 को अपराजिता सभागार में किया गया।

जिसमें मुख्य श्री प्रद्युम्न जी अग्रवाल एवं श्री काशी अग्रवाल समाज के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में श्री अग्रसने महाराज की शोभायात्रा को 6 अक्टूबर, 2024 को निकाली गई जिसमें महाविद्यालय परिवार के समस्त प्रवक्तागण, कर्मचारीगण सम्मिलित रहे।




Scanned with OKEN Scanner

## खेल दिवस

मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर महाविद्यालय में 'खेल दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह द्वारा मशाल जलाकर और मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो॰ मिथिलेश सिंह ने सभी को खेल दिवस की बधाई दी और कहां की 'आज का दिन उस महान व्यक्ति के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है जिन्होंने खेल की दुनिया में भारत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई थी। उनके खेल का ही जादू था कि हॉकी के ओलंपिक में भारत ने तीन बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया था और आज भी खेलों में नए-नए कीर्तिमान बना रहा है। खेल से न केवल व्यक्ति का शारीरिक विकास ही होता है बल्कि उसका संज्ञानात्मक, सृजनात्मक तथा भावनात्मक विकास भी होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में किसी न किसी खेल को अवश्य शामिल करना चाहिए।'

प्रो॰ आभा सक्सेना एवं प्रो॰ अनीता सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित किया तथा उन्हें पोषक तत्वों से परिपूर्ण आहार का सेवन करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन बी. ए . तृतीय वर्ष की छात्रा प्रतिष्ठा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉ॰ नंदिनी पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रो॰ कुमुद सिंह, प्रो॰ दुष्यंत सिंह, डॉ॰ सरला सिंह, डॉ॰ पूनम राय, डॉ॰ साधना यादव, श्रीमती मीनाक्षी मधुर, श्रीमती दिव्या पाल, खेल प्रशिक्षक सुश्री श्रद्धा वर्मा, डॉ॰ प्रिया भारतीय, डॉ॰ सुमन सिंह, डॉ॰ सोनम चौधरी, डॉ॰ अपर्णा शुक्ला, डॉ॰ मृदुला व्यास, श्रीमती मेनका सिंह, डॉ॰ दीपा अग्रवाल, डॉ॰ बृजेश पांडेय, डॉ॰ सुनीता सिंह, डॉ॰ धनंजय सहाय, डॉ॰ पूनम श्रीवास्तव एवं डॉ॰ उषा चौधरी इत्यादि अनेक प्रवक्तागणो तथा छात्राओं ने प्रतिभाग किया

## रेडियो मिर्ची हीरो हंट टैलेण्ट




महाविद्यालय की छात्राओं ने 15.10.24 को सनबीम भगवानपुर में आयोजित, रेडियो मिर्ची हीरो हंट के ग्रैंड फाइनल में बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन किया। जिसके अंतर्गत नेहा सेठ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं नेहा कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही हर्षिता मोदनवाल एवं ज्योति पटेल ने भी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एम.ए. तृतीय सेमेस्टर (बुलानाला एवं परमानंदपुर) की छात्राओं को वाराणसी के अस्सी क्षेत्र में स्थित मुमुक्षु भवन में शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया जहाँ पर छात्राएं ऐसे वृद्धजनों से मिली जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर मोक्ष प्राप्ति के लिए काशी प्रवास करते हैं। छात्राओं ने वृद्धजनों की समस्याएं, उनके जीवन के अनुभवों को जाना और समझा तथा इसके साथ ही साथ भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत सन्यास आश्रम में मोक्ष प्राप्ति की बात कही गयी है, इस जानकारी से छात्राएँ अवगत हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण में समाजशास्त्र विभाग से डॉ॰ सुनीता सिंह, डॉ॰ बंदनी, डॉ॰ श्वेता सिंह एवं डॉ॰ उषा चौधरी ने छात्राओं को सन्यास आश्रम की महत्ता की प्रासंगिकता को स्पष्ट करने के साथ ही भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्य पहलुओं की भी जानकारी दी।




दैनिक जागरण

सावन मेले में महिलाओं ने लगाए स्टॉल


श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज में सावनोत्सव कार्यक्रम



13 नवम्बर, 2024 को आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित छात्राएं एवं शिक्षकगण



### विशेष...

अति हर्ष का विषय है कि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री की सहर्ष सहमति के पश्चात् महाविद्यालय के **स्वर्ण जयन्ती** के अवसर पर दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिनांक 20 नवम्बर, 2024 को किया जा रहा है।




अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज में नान धर्मल रेसिपी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

Scanned with OKEN Scanner